## फटाफट खबरें

### अजनारा ली गार्डन में हुआ एओए चुनाव



■ **एनबीटी न्यूज, ग्रेनो वेस्ट :** अजनारा ली गार्डन सोसायटी में रविवार को अपार्टमेंट ओनर्स असोसिएशन (एओए) का चुनाव हुआ। इसमें 10 सदस्यों को चुना गया। अगले सप्ताह ये लोग मीटिंग कर पदों पर फैसला लेंगे। चुनाव समिति ने बताया कि इसमें अनित खरे, कपिल कुमार, संजय चौधरी, प्रमोद कुमार, राज शेखर, रितेश तोषनीवाल, शिल्पी पोरवाल, राजेंद्र गर्ग, दीदार सिंह और कुमार गौरव चुने गए हैं।

### भारतीय योग संस्थान ने योग उत्सव मनाया



■ **एनबीटी न्यूज, नोएडा :** जिला योग उत्सव के तहत रविवार को सेक्टर–54 के वेटलैंड पार्क में योग उत्सव मनाया गया। इसमें लगभग 400 योग साधकों ने भाग लिया। इस अवसर पर आसन, प्राणायाम, ध्यान किया गया। साथ ही 2 अक्टूबर को संस्थान के विशेष कार्यक्रम के लिए छत्रसाल स्टेडियम चलने के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर सुरेश विज ने केंद्र प्रमुख गिन्नी झा और संरक्षक सुषमा नागपाल, राजीव शर्मा, सुब्रत मोहाकुद, ओपी अग्रवाल, नेहा कुमार, लता तोमर, नीलम सिंह, बीजू थॉमस, सुसान थॉमस, नीलमणि अग्रवाल, अवनीश वाजपेई को संस्थान का बैनर दिया।

### स्ट्रीट वेंडर्स के लिए लगाया जागरूकता कैंप



■ **एनबीटी न्यूज, नोएडा :** खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्ट्रीट खाद्य विक्रेताओं के लिए शनिवार को सेक्टर 15 के पंचायत घर में जागरूकता कैंप लगाया। इसके साथ ही फ्री हाइजीन किट और अन्य सर्टिफिकेट दिए। कैंप में पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन सीटू के महामंत्री गंगेश्वर दत्त शर्मा, यूनियन की कार्यकर्ता भारती गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों वेंडर्स को सर्टिफिकेट दिए गए। सोमवार सुबह 9:30 बजे नयाबास सेक्टर- 15 नोएडा पंचायत घर में सर्टिफिकेट बनाए जाएंगे।

### सेक्टर 11 में स्ट्रे डॉग्स का किया टीकाकरण

■ **एनबीटी न्यूज, नोएडा :** सेक्टर 11 आरडब्ल्यूए ने अपने यहां हर एक ब्लॉक में बुजुर्गों से लेकर बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पॉश फाउंडेशन के साथ मिलकर विशेष अभियान चलाकर स्ट्रे डॉग्स का टीकाकरण किया। इसका नेतृत्व पॉश फाउंडेशन की डायरेक्टर निधि ने किया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने बताया कि बदलते मौसम के साथ साथ बेजुबान कुत्ते भी चिड़चिड़े होकर आक्रामक हो जाते हैं। कुत्तों को एंटी रैबीज वैक्सीन और नो टिक्स पाउडर लगाया गया है। जल्द हमारा सेक्टर ऐसा मॉडल बनेगा जहां सभी कुत्ते वैक्सिनेटेड होंगे।

### सेक्टर-117 में हुआ पौधरोपण



■ **एनबीटी न्यूज, नोएडा :** सेक्टर–117 के निवासियों ने रविवार को ग्रीन बेल्ट व पार्क में पौधरोपण किया। ये इस मॉनसून सीजन का पांचवां पौधरोपण कार्यक्रम था। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कोसिंदर यादव ने बताया कि जब तक कि ये पौधे पेड़ नहीं बन जाये तब तक सभी सेक्टर वासी इनकी निरंतर देखभाल करते रहेंगे।

### सेक्टर 99 में सीवरलाइन डैमेज

■ **एनबीटी न्यूज, नोएडा :** सेक्टर 99, एलआईजी फ्लैट्स में सीवरलाइन और जलापूर्ति की स्थिति अत्याधिक खराब है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष नरोत्तम शर्मा ने बताया कि सड़कों पर जगह–जगह पानी जमा हुआ है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। सीवर के ढक्कन टूटे हुए हैं और इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। जलापूर्ति में सीवर का गंदा पानी मिलने से गंभीर बीमारियों के फैलने की आशंका है।

### सपा पदाधिकारियों की हुई बैठक



■ **एनबीटी न्यूज, नोएडा :** समाजवादी पार्टी ने रविवार को सेक्टर 51 स्थित होशियारपुर कैंप कार्यालय पर नोएडा विधानसभा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से सपा प्रदेश सचिव चौधरी जयकरण सिंह व सपा नोएडा के संस्थापक सदस्य प्रधान भीष्म यादव व सपा के पूर्व महासचिव व जिला प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष ठाकुर बबलू चौहान, संचालन विधानसभा उपाध्यक्ष राणा मुखर्जी ने किया। बैठक में बूथ गठन व बूथों का स्थानांतरण पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश सचिव चौधरी जयकरण सिंह, भीष्म यादव, राघवेंद्र दुबे, विधानसभा अध्यक्ष ठाकुर बबलू चौहान, उपाध्यक्ष राणा मुखर्जी, रंजीत पटेल, महासचिव किरण पाल अवाना, महानगर उपाध्यक्ष महकार सिंह तंवर, बिरेंद्र यादव पहलवान, विपिन चौहान आदि मौजूद रहे।

### आज से शुरू होगा बलदेव छठ मेला




■ **एस, जेवर :** दाऊजी मंदिर परिसर में लगने वाला बलदेव छठ मेला आज से शुरू हो रहा है जो कि 9 दिन चलेगा। इस संबंध में रविवार को मंदिर प्रबंध समिति की बैठक हुई। लेखा निरीक्षक हरेंद्र शर्मा ने बताया कि मीटिंग मे सोमवार से शुरू होने वाले मेले की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही पुलिस प्रशासन के साथ भी मीटिंग हुई। इसमें बताया गया कि दोपहर 12 बजे दाऊजी महाराज के जन्म के तुरंत बाद ध्वजारोहण के साथ मेला शुरू हो जाएगा। प्रथम दिन महिला कबड्डी और रात को रागिनी मुकाबला होगा। इस मौके पर मेला कमिटी के अध्यक्ष ओपी शर्मा, महासचिव बनवारी लाल शर्मा, एसएचओ संजय कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुनील भारद्वाज, कस्बा इंचार्ज संसार सिंह, अशोक कुमार शर्मा संयोजक, कृष्णा शर्मा, युगल दत्त शर्मा, यसू और एडवोकेट कपिल शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

# सोसायटियों के बेसमेंट में भरे पानी से बढ़ा डेंगू का खतरा

## इस पानी को निकालने का कोई इंतज़ाम नहीं किया जा रहा

■ सिद्धार्थ अग्रवाल, ग्रेनो वेस्ट




**जिले में** अब तक डेंगू के 21 और मलेरिया के 48 मरीज मिल चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग सबसे अपील कर रहा है कि अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। वहीं सोसायटियों के बेसमेंट एरिया में ड्रेनेज की पूरी व्यवस्था न होने के कारण पानी भरा रहता है। बारिश के मौसम में बेसमेंट एरिया में गंदा और बदबूदार पानी भर जाता है। इसकी निकासी न होने से डेंगू के डंक का खतरा बढ़ रहा है। हाल ही में सुपरटेक ईको विलेज-2 सोसायटी के बेसमेंट में जमा हो रहे पानी में लार्वा मिलने पर मलेरिया विभाग ने दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। इसके बाद भी बिल्डर प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारी निवासियों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

**सुपरटेक ईको विलेज-2 में लार्वा मिलने पर मलेरिया विभाग ने 10 हजार का जुर्माना लगाया था**

### मार्केट का पानी बेसमेंट में जमा हो रहा

ग्रेनो वेस्ट की अजनारा होम्स सोसायटी के आई, जे, के, एल और एम टावर के बेसमेंट एरिया की स्थिति बेहद खराब है। सोसायटी के निवासी चंदन सिन्हा ने बताया कि ऊपर के हिस्से में मार्केट बना हैं और फूड स्टॉल भी ज्यादा हैं। फूड स्टॉल से निकलने वाले गंदे पानी को पार्किंग में डंप किया जा रहा। इस वजह से पूरा बेसमेंट बदहाल हो रहा है। पूरे एरिया में गंदा पानी और गंदगी फैली हुई है। आरोप है कि पांच टावर के बेसमेंट में पानी भरा होने से 1200 से अधिक परिवार परेशान हैं। गंदगी और पानी भरा होने से लोग अपनी गाड़ी तक पार्क नहीं कर पाते हैं। इसकी शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। राधा स्काई गार्डन सोसायटी के निवासियों ने बताया कि उनके यहां भी बेसमेंट पार्किंग एरिया का हाल बेहद खराब है। गाड़ी पार्क करने वाले पाथवे पर जगह-जगह पानी भरा हुआ है। इसमें मच्छर पनप रहे हैं, ऐसे में बरसात के मौसम में भी डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है। इस बारे में कई बार मलेरिया विभाग, सोसायटी प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया गया है, लेकिन ध्यान देने वाला कोई नहीं है। देविका गोल्ड होम्स सोसायटी के निवासी दीपक दुबे ने बताया कि बेसमेंट एरिया के रखरखाव को लेकर कोई काम नहीं किया जा रहा है। टावर के पार्किंग एरिया में जगह-जगह गंदा पानी जमा रहता है, जिसमें मच्छरों का खतरा रहता है। बरसात में डेंगू का डंक बेहद खतरनाक है। इससे लोग अंडरग्राउंड पार्किंग एरिया में भी जाने से बचते हैं। बारिश के बाद ये हाल बेहाल हो जाता है। सीवरेज के पाइप फटने के बाद मुश्किल बढ़ जाती है।



ग्रेनो वेस्ट की देविका गोल्ड होम्स सोसायटी के बेसमेंट में भरा पानी

### बेसमेंट में गाड़ी पार्क नहीं कर पा रहे



"सोसायटी के बेसमेंट एरिया का हाल बेहद खराब है। गाड़ी पार्क करने के लिए भी सूखी जगह देखनी पड़ती है। पांच टावर के बेसमेंट पार्किंग में गंदा पानी भरा रहता है। मार्केट में फूड शॉप वाले नीचे बेसमेंट में ही गंदा पानी डाल रहे हैं, इसमें लार्वा व मच्छर पनप रहे हैं।
**-दिनकर पांडेय,** निवासी, अजनारा होम्स सोसायटी



"बेसमेंट एरिया में जगह–जगह पानी भरा है, जिससे मच्छर पैदा हो रहे हैं और बदबू अधिक आती है। बारिश के मौसम में सारा पानी बेसमेंट में ही भर जाता है। शिकायत करने के बाद भी कोई ध्यान देने वाला तक नहीं है।
**-गौरव पटेल,** निवासी, श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी



"गंदा पानी भरा होने के कारण बेसमेंट में जाने से भी बीमारी फैलने का डर रहता है। परिसर में अधिकतर लोग बेसमेंट एरिया के बजाय ओपन एरिया में ही गाड़ी पार्क करना पसंद करते हैं। जगह–जगह भरे गंदे पानी से सेहत खराब हो रही है।
**-आशीष दुबे,** निवासी, ला रेजिडेंशिया सोसायटी

### बिल्डरों को पानी निकासी के लिए देंगे निर्देश

"सोसायटी के बेसमेंट एरिया में जलभराव की समस्या ड्रेनेज सिस्टम सही नहीं होने के कारण बढ़ रही है। कई जगह पर पानी निकासी के उचित इंतजाम नहीं हैं। इस कारण बेसमेंट में पानी भरा रहता है। बिल्डरों को नोटिस भेजकर पानी निकासी और दवा का छिड़काव करने के लिए निर्देशित किया जाएगा।
**-श्रुति कीर्ति वर्मा,** जिला मलेरिया अधिकारी

## गणपति की भक्ति में डूबे लोग



सेक्टर 62 विनायक-कार्तिकेय मंदिर में हुआ गणेश उत्सव

■ एनबीटी न्यूज, नोएडा

**गणेश उत्सव** के दूसरे दिन रविवार को कई सेक्टरों और सोसायटी में कार्यक्रम हुए। कई सोसायटी में भजन संध्या तो कहीं बप्पा का विसर्जन किया गया।

सेक्टर 62 के विनायक-कार्तिक मंदिर और सेक्टर 22 के श्रीवारासिद्धि विनायकर थिरुकोइल में ओवी रमानी, सुनील और रामकृष्णन भागवत के भजनों के साथ गणेश उत्सव हुआ। इसके बाद गणपति यात्रा निकाली गई, जो सेक्टर 62 की विभिन्न हाउसिंग सोसायटियों से होकर गुजरी। सेक्टर 22 में श्री वरसिद्धि विनायकर मंदिर परिसर में बांसुरी संगीत कार्यक्रम हुआ। इसके अलावा लोटस पनाश सोसायटी में गणेश उत्सव के दूसरे दिन मुख्य आकर्षण भक्ति रॉक बैंड ने प्रस्तुति दी। यहां सोमवार को पूजा अर्चना के बाद उत्सव का समापन कर बप्पा को विदाई दी जाएगी। सेक्टर 78 की गोल्फ व्यू 2 सोसायटी में निवासियों ने दूसरे दिन रविवार को बप्पा का विसर्जन किया। इस दौरान समिति के सदस्य योगेंद्र गौर, रंजन समंतराय, प्रकाश, विकास, प्रदीप व अन्य लोग मौजूद रहे।



लोटस पनाश में हुआ कार्यक्रम

## पुलिस सुरक्षा में हुई जीबीएम



ग्रैंड अजनारा हेरिटेज में हुआ चुनाव समिति का गठन

■ **एनबीटी न्यूज, नोएडा :** ग्रैंड अजनारा हेरिटेज सेक्टर 74 में रविवार को पुलिस सुरक्षा के बीच जनरल बॉडी मीटिंग (जीबीएम) हुई। इसमें इलेक्शन कमिटी का गठन किया गया। जीबीएम में लगभग 200 लोगों ने भाग किया। सोसायटी अध्यक्ष अभिनव सैनी ने बताया कि वर्तमान एओए का कार्यकाल 8 अक्टूबर को खत्म हो रहा है। इससे पूर्व AOA चुनाव तय समय पर न कराने पर कालातीत हो गई तो मामला उच्च न्यायालय चला गया था। इससे ढाई साल बाद चुनाव हुए थे। एक सितंबर को हुई पिछली जीबीएम में कुछ लोगों ने हंगामा कर दिया था। इसे देखते हुए रविवार को पुलिस की मदद ली गई। चुनी गई इलेक्शन कमिटी में श्रीकांत, शिवेंद्र सिंह परिहार, शक्ति सिंह, अमित सिंह, आशुतोष गोयल, धनंजय कुमार सिंह शामिल हैं।

### इरोज संपूर्णम सोसायटी के निवासियों ने किया प्रदर्शन, बोले

## डेढ़ साल बाद भी अधूरे पड़े हैं काम

■ एनबीटी न्यूज, ग्रेनो वेस्ट

**सेक्टर-2 स्थित** इरोज संपूर्णम सोसायटी के निवासियों ने सुविधाएं न मिलने पर रविवार को प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोप है कि सात साल से बेसमेंट में लीकेज है और उसे अभी तक ठीक नहीं कराया गया है। बेसमेंट के एग्जॉस्ट डक्ट गल गए हैं। मेंटिनेंस चार्ज के नाम पर मोटा पैसा लिया जा रहा है। सोसायटी के एओए अध्यक्ष दीपांकर कुमार ने बताया कि बिल्डर के जीएम कमर्शल दीपक गुप्ता चीजों को दुरुस्त करने में अनदेखी कर रहे हैं। एओए के साथ 27 सूत्रीय कामों पर हस्ताक्षर किए थे, जोकि 18 महीने के बाद भी अधूरे पड़े हैं। आरोप है कि नए मेंटिनेंस एजेंसी के चयन के लिए 2023 में टेंडर किया गया था। उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट एक्ट के अनुसार हैंडओवर एवं टेकओवर के कार्यों के लिए 29 जुलाई 2024 को नोटिस भेज दिया गया है, जिस पर आज तक कोई जवाब नहीं दिया गया है। इस दौरान भागीरथ, दुर्गेश खंडेलवाल, वीरेंद्र सिंह चौहान, जगजीवन राम, पंकज झा , प्रेम पटेल, रितेश सिंह, अमित यादव, सुरेश मौर्य, सुधीर सिन्हा, राजर्षि, यशपाल सिंह भंडारी, पंकज पाठक, विशाल मेहता, राकेश झा, पंकज पाठक, गोविन्द झा,उपाध्यक्ष नवनीत जुनेजा शामिल रहे।

मेंटिनेंस के जीएम दीपक गुप्ता ने बताया कि कई निवासियों ने लंबे समय से मेंटिनेंस चार्ज जमा नहीं किया है। उन्हें जल्द शुल्क जमा करने के लिए ईमेल भेजा है। फंड की कमी से रखरखाव प्रभावित हो रहा है। इसका अनावश्यक भार मेंटिनेंस चार्ज देने वाले रेजिडेंट्स पर पड़ता है। हम हमेशा से बेहतर सेवा देना चाहते है लेकिन वर्तमान शुल्क पर ऐसा कर पाना संभव नहीं है। 2017 से अभी तक शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की गई है।



सोसायटी के निवासियों ने कहा, सात साल से बेसमेंट में लीकेज है और उसे अभी तक ठीक नहीं कराया गया है

## रजिस्ट्री के लिए किया प्रदर्शन



ग्रेनो के ईटा-2 स्थित मिगसन विलासा का है मामला

■ **एनबीटी न्यूज, ग्रेनो :** सेक्टर ईटा-2 स्थित मिगसन विलासा बिल्डर के फ्लैट खरीदारों ने रविवार को प्रदर्शन कर रजिस्ट्री कराने की मांग की। फ्लैट खरीदार संतोष कुमार ने बाताया कि बिल्डर के वादे के अनुसार लोगों को फ्लैट नहीं दे रहा हैं। 6 साल अधिक का समय बीत जाने के बाद भी फ्लैट तैयार नहीं हुए हैं। बिल्डर रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन अब तक रजिस्ट्री कराना शुरू नहीं किया है। इन सभी मांगों को लेकर फ्लैट खरीदार एकजुट हुए हैं और बिल्डर को चेतावनी दी हैं कि जब तक रजिस्ट्री शुरू नहीं होती, तब तक बिल्डर के खिलाफ हर सप्ताह प्रदर्शन किया जाएगा। मिग्सन विलासा के मीडिया प्रभारी ने बताया कि निवासियों से बात की जा रही है। जल्द ही फ्लैटों का पजेशन दिया जाएगा।

## मेट्रो व सिटी बस सेवा शुरू कराने के लिए किया प्रदर्शन



ग्रेनो वेस्ट के राजेश पायलट चौक पर लोगों ने की नारेबाजी

■ **एनबीटी न्यूज, ग्रेनो वेस्ट :** शहर के निवासियों ने रविवार को राजेश पायलट चौक पर एकत्र होकर ट्रांसपोर्ट सुविधा न होने के विरोध में प्रदर्शन किया। साथ ही अधिकारियों से सिटी बस सेवा शुरू करने की मांग की। आरोप है कि ग्रेनो वेस्ट में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की समस्या बहुत बड़ी है, इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। स्थानीय विधायक, सांसद और ग्रेनो प्राधिकरण के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। निवासियों ने मेट्रो के काम को जल्दी शुरू करने और मेट्रो के चालू होने तक ग्रेनो वेस्ट में सिटी बसें चलाने की मांग की ताकि जाम से मुक्ति मिल सके। प्रदर्शन में शामिल गिरीश चंद्र ने बताया कि इस एरिया में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है, जबकि आए दिन सोसायटियों में आबादी बढ़ती जा रही है। सुबह से लेकर रात तक ऑफिस जाते व आते समय लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रदर्शन में सैनी, सुनपुरा, वेदपुरा, सादुल्लापुर गांव, एसकेए, एटीएस, महागुन मंत्रा 2, सेक्टर 10, मिल्क लच्छी, रोजा गांव, गोल्डन वैली, सेक्टर 3, इरोज संपूर्णम के लोग मौजूद रहे।

## ईको विलेज-2 में बढ़ रही मरीज़ों की संख्या

■ **एनबीटी न्यूज, ग्रेनो वेस्ट :** सेक्टर-16 बी स्थित सुपरटेक ईको विलेज-2 सोसायटी में दूषित पानी पीने से लोगों की समस्या बढ़ती जा रही है। सात दिन बाद भी निवासियों की सेहत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। 15 से अधिक लोग अस्पताल में उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत लेकर भर्ती है। निवासियों की जेब पर बिल की मार बढ़ रही है।

रविवार एक निवासी को ज्यादा हालत बिगड़ने के कारण अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग और प्राधिकरण की तरफ से कोई मेडिकल कैंप नहीं लगाया जा रहा है। सोसायटी के सी वन टावर के फ्लैट नंबर 1006 में आनंद अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके भाई की लड़की चार वर्षीय कृशा राय अस्पताल में भर्ती है। कृशा को तीन दिन पहले उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत हुई थी। तीन दिन में 40 हजार से अधिक का बिल बना है। 15 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

## कांग्रेस की महानगर कमिटी ने की बैठक

■ **विस, ग्रेनो :** नव गठित महानगर कांग्रेस कमिटी की पहली बैठक रविवार को हुई। नए महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव की अध्यक्षता में इसका आयोजन हुआ। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नवनियुक्त सचिव व हिमाचल के प्रभारी विदित चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर पहली बार कमिटी में शामिल हुई सुमन राय व संजय यादव को कांग्रेस का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव, सचिव पुरुषोतम नागर, अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी, पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, उपाध्यक्ष दिनेश अवाना, राजकुमार भारती, चरण सिंह यादव, प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर पवन शर्मा, डॉ सीमा, रोहित सपरा मौजूद रहे।



## 2175 वर्कर्स का आई टेस्ट किया

■ **एनबीटी न्यूज, नोएडा :** वुड और स्टील फैक्ट्रियों में काम करने वाले वर्कर्स की आंखों में दिक्कत हो रही है। ये बात हेल्थ कैंप में पता चली है। द श्री राम इंटरनैशनल स्कूल के स्टूडेंट हर्ष केडिया ने उद्योगों में काम करने वाले लेबरों कीं आंखों को स्वस्थ रखने के लिए आई केयर क्वॉलिटी संस्था की स्थापना की। इसके तहत उसने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यूपी के अन्य हिस्सों, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में कैंप लगाए। वुड और स्टील फैक्ट्री में वर्कर की आंखों के चेकअप के लिए लगभग 9 कैंप में 2175 वर्कर की आई टेस्ट किया। स्टील और वुडन फैक्ट्री के काम करने वाले 80 से 90 प्रतिशत वर्कर की आंखों की रोशनी कमजोर पाई गईं। कैंप में होली फैमिली हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने आई टेस्ट किए हैं। 425 वर्कर को आई ड्रॉप बांटा गया। वहीं 480 को डिस्टेंस ग्लासेस प्रिसक्राइब्ड किए गए।

**होगा आयोजन** | कहीं मुरादाबाद तो कहीं राजस्थान के कलाकार करेंगे मंचन, महल की तरह बनेगा मंच

# भूमि पूजन के साथ रामलीला मंचन की तैयारी शुरू

■ **एनबीटी न्यूज, ग्रेनो : रामलीला मंचन** के लिए रविवार को दो जगह वैदिक मंत्रों के साथ हवन कर भूमि पूजन किया गया। इसमें सेक्टर पाई-1 और साइट-4 पार्क में रामलीला की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सेंट्रल पार्क में मंचन कराने वाली ग्रेनो रामलीला कमिटी के सदस्य हरेंद्र भाटी ने बताया कि 2 अक्टूबर को स्कूल के बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता होगी। मुरादाबाद के कलाकार चार से 11 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन करेंगे। धार्मिक रामलीला कमिटी के अध्यक्ष आनंद भाटी बताया कि भूमि पूजन के साथ ही रामलीला की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार का स्टेज महल की तरह नजर आएगा। इसके अलावा बड़ी डिजिटल स्क्रीन लगाई जाएगी। इस बार भी राजस्थान के कलाकर मंचन करेगें। इस दौरान जेर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर, अजीत दौला, राजकुमार भाटी, पवन खटाना, गजेंद्र मावी बब्बल भाटी व सुरेश पचौरी, मनोज गर्ग, सौरभ बंसल, विनोद कसाना मौजूद रहे।



ग्रेनो के सेक्टर पाई-1 में भूमि पूजन के लिए हुआ हवन



### ग्रेनो वेस्ट में भी रामलीला के लिए हुआ पूजन



■ **एनबीटी न्यूज़, ग्रेनो वेस्ट :** श्री रामलीला सेवा ट्रस्ट ने रविवार को गौड़ सिटी–1 के राधा कृष्ण पार्क में रामलीला के लिए भूमि पूजन किया। इस कार्यक्रम में महर्षि वेद वेदांग पाणिनि गुरुकुल से पधारे गुरु रविकांत दीक्षित और बटुक ब्राह्मणों ने विधिवत पूजन कराया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष सातवीं रामलीला होगी। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव और प्रशांत मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष 500 फुट की एलईडी पर एआई जनरेटेड ग्राफिक्स का प्रयोग भी किया जाएगा। इससे कार्यक्रम की भव्यता और बढ़ेगी। रामलीला को लेकर स्टेज और अन्य तैयारियां जल्द शुरू कर दी जाएगी। 3 अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू होगा, जोकि 13 अक्टूबर तक चलेगा। 12 अक्टूबर को रावण दहन किया जाएगा।